Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7542	13.07.2023	13.07.2023	Chitrakoot Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/chitrakoot/woman-died-of-diarrhea-and-laborer-died-of-fever-chitrakutt-news-c-215-1-sknp1043-251-2023-07-13
Title:	**Woman died of diarrhoea and laborer died of fever in Chitrakoot, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Chitrakoot, SSU- Uttar Pradesh			

उमस भरी गर्मी के बीच डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। खिचरी गांव के मजरा उमरी में एक महिला की डायरिया से मौत हो गई। गांव के तीन लोग इससे ग्रसित हैं। बुधवार को सूचना पाकर स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची है। घर-घर मरीजों को चिन्हित कर टीम दवा वितरण कर रही है। इसके अलावा बुखार के चलते मजदूर की मौत हो गई। यह सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।

खिचरी गांव के मजरा उमरी में एक सप्ताह से डायरिया का प्रकोप है। उमरी निवासी प्रियंका (40) की मौत हो चुकी है। गांव में अभी जयचंद्र (25), पुनिया (50) समेत छह लोग डायरिया से ग्रसित हैं। गांव में डायरिया फैलने की जानकारी होने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर प्रभारी अरुण कुमार पटेल ने डॉ. विवेक कुमार के नेतृत्व में गांव में स्वास्थ्य टीम भेजी।

इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने दवाएं बांटी। डाक्टरों ने बताया कि गंदगी व दूषित पानी से गांव में डायरिया फैल रहा है। गांव में सफाई का अभाव है। सीएचसी प्रभारी डॉ. अरुण ने बताया कि मृत महिला को कई दिनों से उल्टी दस्त की शिकायत थी। डायरिया से ही मौत की पूरी संभावना है।

शिवरामपुर चौकी क्षेत्र बगलई निवासी छोटे भाई शिवपूजन कुशवाहा ने बताया कि जनार्दन कुशवाहा (30) गुजरात में एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता था। वह नौ जुलाई को वापस घर आया था। इसके बाद दो

दिनों से उसे बुखार आ रहा था। मंगलवार की रात्रि को बुखार के चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। वह दो भाइयों में छोटा था। उसके एक पुत्र है। पत्नी राजकुमारी का रो-रोकर हाल बेहाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा। इसके अलावा ऊंचाडीह निवासी बबलू का 12 वर्षीय पुत्र शिवम, दुबारी पहाड़ी निवासी सुमन देवी (27) व रैपुरा निवासी अवधेश की पांच वर्षीय पुत्री पूर्णिमा को डायरिया व उल्टी दस्त के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।